प्रपत्र–1

**परियोजना का नाम–** शहीद मोहन नाथ गोस्वामी मेमोरियल मिनी स्टेडियम का निर्माण।

# प्रतिवेदन

## (परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्याः– 257/2018 दिनांक 15.3.2018 द्वारा जनपद नैनीताल के अर्न्तगत बिन्दुखत्ता में शहीद मोहन नाथ गोस्वामी के नाम पर मिनी स्टेडियम का निर्माण किये जाने की घोषणा की गयी है। उत्तराखण्ड शासन की शासनादेश संख्याः–413/VI-2/2018-59(05)18 दिनांक 24 जुलाई 2018 द्वारा उक्त मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा शासनादेश संख्याः–428/VI-2/2018-59(05)18 दिनांक 26 जुलाई 2018 द्वारा वित्तिय स्वीकृति भी प्रदान की गयी है। वर्तमान में उक्त क्षेत्र में युवाओं के शारीरिक सर्वंधन एंव खेल कूद गतिविधियों के लिए अन्य कोई मैदान नहीं है। उक्त मिनी स्टेडियम के निर्माण का उद्‌देश्य उक्त क्षेत्र एंव राज्य में खेल को बढ़ावा देना है। मिनी स्टेडियम के निर्माण से स्थानीय एंव क्षेत्रीय युवाओं को लाभ होगा। इस सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि स्व0 श्री मोहन नाथ गोस्वामी राष्ट्रीय पुरस्कार महामहीम राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया गया है, को भी सम्मान तथा युवाओं को प्रेरणाश्रोत के रूप में यह स्टेडियम मील का पत्थर साबित होगा।

उक्त मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु बिन्दुखत्ता (लालकुऑ) में अन्य कोई राजस्व एंव सिविल भूमि उपलब्ध न होने के कारण बिन्दुखत्ता (लालकुऑ) के समीप तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी के गौला राजि के अर्न्तगत हल्दुचौड़ बीट सं0–6 में 4.9962 है0 वन भूमि चयनित की गयी है जो कि उक्त मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु उपयुक्त है।

उक्त मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा तथा उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी प्रशासनिक एंव वित्तिय शासनादेशों की प्रति प्रस्ताव में संलग्न है।

Distt. Youth Welfare &
V.D. Officer, Nainital